दैनिक जागरण 30/09/2025

# सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्क्रीनिंग में दिखा सामुदायिक सशक्तिकरण




लघु फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान शामिल विद्यार्थी व अन्य। विज्ञप्ति

**अंबाला (विज्ञप्ति)** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म में आत्मनिर्भरता, सामुदायिक सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास में एसएचजी की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई और प्रतिभागियों को सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आत्मनिर्भरता के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स ग्रामीण और शहरी समाज में परिवर्तन के महत्वपूर्ण साधन हैं। मौके पर डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. पिंकी गुप्ता, श्याम रहेजा, हर्षिता लांबा एवं गीती बिंद्रा आदि मौजूद रहे।